INDIAN PENAL CODE (AMENDMENT)BILL*

(SUBSTITUTION OF SECTION 153 A)

SHRIMATI SUBHADRA JOSHI (Chandni Chowk) : I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code."

The motion was adopted.

SHRIMATI SUBHADRA JOSHI : I introduce the Bill.

15.35 hrs.

FREEDOM FIGHTERS (APPRECIATION OF SERVICES) BILL – *Contd.*

(BY PROF S. L. SAKSENA)

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House will now take up further consideration of the Bill moved by Shri Shibban Lal Saksena. Altogether 4 hours and 30 minutes were allotted. We have taken 3 hours and 18 minutes and I hour and 22 minutes remain.

SHRI SAMAR GUHA (Contai) : There was a statement issued by the Home Ministry regarding certain allowances and other things to be paid to freedom fighters. Before we take up consideration of this Bill, it will be better if the Home Minister makes a statement about that. Then, it will be easier for us to consider the whole thing.

MR. DEPUTY-SPEAKER : We are already in the stage of consideration. The Minister will reply to the debate. At that time if he comes forward with some statement, he is welcome.

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : उपाध्यक्ष, महोदय, आज जब सब दलों ने मिल कर एक बात कही कि स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों का आदर करना चाहिये तब पच्चीस साल के बाद इस सरकार ने एक योजना निकाली। सब पार्टियों ने मिल कर कहा कि उन का आदर तो करना ही चाहिये साथ ही उन को कुछ आनरेरियम भी मिलना चाहिये। लेकिन इतने दिन तक कहने के बाद अब मंत्री महोदय ने यह योजना निकाली है कि।

"The Government of India will implement from 15th August, 1972 the scheme for grant of pension in deserving cases to those freedom fighters who had suffered imprisonment in jail for six months."

इसका मतलब यह हुआ कि जो छः महीने से एक दिन भी कम की सजा में जेल गया हो उस को यह पेंशन नही मिलेगी। मैं इस बात को बिल्कुल समझ नही सका कि सरकार की इस बारे में क्या नीति है। यह किसको पेंशन देना चाहती है और किस को नही देना चाहती। फिर स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों का आदर करना तो अलग रहा, सरकार ने उन के लिये पेंशन शब्द का उपयोग किया है। हम ने बार बार कहा कि सरकार इस शब्द को वापस ले, लेकिन उस के बाद भी उस ने यही कहा कि उन लोगों को पेंशन दी जाती है। मैं समझता हूँ कि उन को जो कुछ भी दिया जाये उसको आनरेरियम कहना चाहिये और स्वतन्त्रता सेनानियों का आदर-सम्मान करना चाहिये। उन की तो आरती उतारनी चाहिये थी, लेकिन आज आरती उन लोगों की उतारी जाती है जो कुर्सी पर बैठे हुए हैं।

---

*Published in Gazette of India Extraordinary part, II, section, dated 17-3-72.

आज स्वतन्त्रता के पच्चीस साल के बाद कहा गया कि एक बिल आना चाहिये, एक कानून बनाया जाना चाहिये जिस के द्वारा हम उन स्वतन्त्रता सेनानियों का, जिन के कारण हम यहाँ पर पार्लियामेंट में बैठे हुए हैं, आदर किया जाये। लेकिन सरकार ने ऐसी योजना बनाई है कि जिस ने छः महीने की जेल की सजा पा ली हो कम से कम उस को ही पेंशन दी जायेगी। अगर एक दिन भी कम होगा तो नहीं मिलेगी। अगर किसी का हाथ कट गया हो या कोई खंडित हो गया हो, किसी ने कालेज की पढ़ाई छोड़ दी हो, या जिन्दगी के बेशकीमती दिन आजादी की लड़ाई में बिता दिये हों या नौकरी छोड़ दी हो, उस के लिये क्या होगा ? सरकार अपनी ने तरफ से यह निकाला कि :

> The familis of martyrs who gave their lives for freedom"

दूसरी बात सरकार ने यह निकाली कि जिसने अपनी जिन्दगी देश के लिये कुर्बान कर दी हो उस को दी जायेगी। आप ने उन के लिये लिखा कि :

> "The total amount of pension sanctioned to a freedom fighter will not be less than Rs. 200 per month and in the case of families will vary from Rs. 100 to Rs. 200."

सभी पार्टियों ने बार बार कहा था कि आप मेहरबानी कर के उस बात को कीजिये जिस के लिये हम आज पच्चीस साल से कहते आये हैं। हम को स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों का सम्मान करना चाहिये, उन का आदर करना चाहिये, उन की हिस्ट्री बननी चाहिये।

आप ने 15 अगस्त, 1972 से यह योजना निकाली है। जिस ने छः महीने की सजा पाई हो या जिसने उससे ऊपर की सजा पाई हो या चाहे किसी ने अपनी जिन्दगी भी दे दी हो, वही लोग इस स्कीम के लाभ उठा सकते हैं, उससे कम सजा पाने वाले नहीं, या उनके परिवार के लोग नहीं।

फिर आप कहते हैं :

> "Only one member of the family of freedom fighter/martyr will be eligible for this pension."

हमने कहा कि बिल बनना चाहिये। लेकिन आपने स्कीम बनाई और उस में आपने यह रखा कि केवल एक मैम्बर एलिजिबल होगा। जिस ने अपनी जिन्दगी कुर्बान कर दी देश के लिए, जिस ने अपनी पढ़ाई छोड़ दी, बेशकीमती जिन्दगी के दिन देश सेवा में लगा दिये, कालेज छोड़ दिए और अगर वे कालेजों में पढ़ते रहते तो अपने जीवन को अच्छा बना सकते थे, उनके लिए आपने पच्चीस साल के बाद एक स्कीम बनाई और स्कीम भी यह कि सौ से दो सौ रुपये पेंशन उनको मिले, मार्टर की फैमिली को मिले। अब आप देखें कि पाँच या सात आदमियों की फैमिली हो तो क्या सौ रुपये में उसका गुजारा चल सकता है। कई स्टेट्स में जमीनों का उन में आवंटन किया गया। कहीं पर आनरेरियम दिया गया। मैं जानना चाहता हूँ कि जिन स्टेट्स में जमीन उनको नहीं दी गई वहाँ भी क्या उनको जमीन दी जाएगी। जिन आजादी के दीवानों ने देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानियाँ दीं उनको आज आप जो इनाम देने जा रहे हैं, उस पर लोग हँसेंगे यह देख कर कि गृह विभाग या किसी दूसरे विभाग ने वे पहले तो पच्चीस साल के बाद एक योजना बनाई है और उस में भी यह कहा है कि सौ रुपये से दो सौ रुपये तक तो देंगे जब उसकी हालत को जांच कर लेंगे और हमारी नौकरशाही ही यह जाँच करेगी कि उसकी या उसके परिवार वालों की हालत अच्छी है या खराब है। उन लोगों का इतिहास बनता, उनकी हिस्ट्री बनती तो उसका स्वागत होता। फिर आपने पेंशन शब्द इस में रख दिया है। इसको आप हटा दें।

[श्री मूल चन्द डागा]

जो बिल सक्सेना जी ने पेश किया है पार्लियामेंट के सब मेम्बरों ने कहा है कि इसको सिलैक्ट कमेटी के पास भेज दिया जाए लेकिन कानूनी अड़चनों के कारण ऐसा नहीं हो सका। हमने कहा कि गवर्नमैंट की तरफ से एक लैजिस्लेशन आए, वह भी नही हुआ । अब सक्सेना जी ने अपनी एमेंडमेंट्स पेश की है। उनमें की बातें उन्होंने बताई हैं।

"Freedom struggle of Goa freedom fighters or of freedom fighters of any former foreign possession of India;"

मैं जानना चाहता हूँ कि क्या आपकी स्कीम उन पर भी लागू होगी जिन्होंने गोआ की आजादी की लड़ाई में भाग लिया था ?

"freedom struggle of persons in areas now forming part of Pakistan, if these persons are now citizens of India;

freedom struggle of the INA under leadership of Netaji Subhash Chandra Bose, and other struggles by Indian Revolutionaries outside India for the freedom of India" :

मैं पूछना चाहता हूँ कि आपने अपनी डैफीनीशन क्या बनाई है स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की ....

एक माननीय सदस्य : हिन्दुस्तान के बाहर हो तो वह नहीं।

श्री मूल चंद डागा :

"any other struggle by the Indian people which helped the achievement of Freedom by India."

ये सब लोग उस में क्यों नहीं लिये जाते हैं, वह समझ में नहीं आता है। फिर आप देना क्या चाहते हैं ? जिन्होंने सारा कारोबार, सारी प्रापर्टी देश की खातिर न्यौछावर कर दी या उनकी प्रापर्टी जब्त कर ली गई उनको आप सौ दो सौ रुपया ही देना चाहते हैं। जिन के घर में कोई कमाने वाला नहीं है, जिनके पास कोई साधन नही है उन को हम यही कुछ देना चाहते है। क्या इससे उनका गुजारा चल सकता है ?

मैं अन्त में यही कहना चाहता हूँ कि जल्दी से जल्दी स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के लिए लैजिस्लेशन आपको लाना चाहिये और उनको सम्मान देना चाहिये। साथ ही साथ पेंशन शब्द जो आपने रखा है, यह नही रहना चाहिये।

श्री राम चन्द्र विकल (बागपत) : सक्सेना जी ने जो विधेयक स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के संबंध में प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करने के लिए मैं खडा हुआ हूँ। मै सक्सेना जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को इस विधेयक के द्वारा हमें याद दिलाने की कोशिश की है। यह दुख का विषय जरूर है कि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को इस देश में जो दर्जा मिलना चाहिये था, उनको जो सम्मान मिलना चाहिये था, वह दर्जा और वह सम्मान उनको नहीं दिया गया है। इसमें बहुत ही कोताही की गई है। उनको जो थोड़ी बहुत सहायता भी दी गई है, उससे ऐसा लगता है, ऐसी मनोवृत्ति झलकती है, जैसे उनका आदर करने के लिए नहीं बल्कि उनको कोई भीख दी जा रही हो। यह जो मनोवृत्ति है, इसको भी बदला जाना चाहिये। इस तरह से उनकी सहायता की जानी चाहिये ताकि उसमें से आदर की झलक आए।

मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को कुचलने की कोशिश की, अनेक कांग्रेस के स्वतंत्रता सेनानियों को पिटवाया, मरवाया, बन्द करवाया, वे आज बड़े आदर और सम्मान के पदों पर आसीन

हैं, केन्द्र और राज्यों—दोनों ही जगहों पर ये अवसरवादी लोग हैं। इनको हमेशा ही बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है। स्वतंत्रता सैनिकों के मुकाबले में इनको ज्यादा महत्व दिया गया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने अंग्रेजों के जमाने में राय बहादुरी आदि के खिताब पाए और तब भी बड़े-बड़े पदों पर आसीन थे। उससे भी बड़े पद इस सरकार ने उनको दिये हैं। ये लोग इन पदों को पाकर बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि हम को आज भी जो अशोक चक्र या पद्म विभूषण आदि पदक दिये जा रहे है यह इस सरकार से ही हमें नहीं मिले, बल्कि अंग्रेज सरकार से भी हम को इस तरह के पदों से विभूषित किया गया था। तब भी हमें ही सरकार ये सम्मान देती थी और आज की यह सरकार भी हमें ही देती है। यह हमारी काबलियत की वजह से है।

देश के स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की वजह से ही आज यह देश आजाद हुआ है, उनके बलिदानों की वजह से आज ही हम आजाद हैं। अनेक विद्यार्थियों ने अपना अध्ययन कार्य छोड़ दिया था और वे आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे। अनेकों ने जेलों की हवा खाई, अनेक फांसी के तख्तों पर झूले। उनके परिवारों को आज हमें बहुत सम्मान देना चाहिये था, आर्थिक तौर पर हमें उनकी मदद करनी चाहिये थी। हम उनका तथा उनके परिवारों का अनेक तरह से सम्मान कर सकते थे। उनके स्टेचू हम बना सकते थे, पदक उनको दिये जा सकते थे, उनके नाम पर मेले लगवाए जा सकते थे, आर्थिक साधन उनके लिए मुहैया किये जा सकते थे। श्री डांगा ने बताया है कि आई० एन० ए० के लोग हैं, उनका भी बहुत बड़ा योगदान इस आजादी की लड़ाई में रहा है, उन्होंने भी बड़े बलिदान दिये हैं, फिर चाहे वे फरारी की हालत में ही क्यों न रहे हों। उनका इतिहास बहुत पुराना नहीं है। वे चाहे जेल न जा सके हों लेकिन फरारी की हालत में वे रहे। लेकिन हम उनकी कहानियां और उनका जीवन परिचय दूसरों के साथ-साथ आज तक नहीं निकलवा सके। मैं समझता हूँ कि चाहे कोई फरार रहा हो, जेल गया हो या और किसी तरह से उसने यातना सही हो, उन सब की लिस्ट बनाकर हमें उनकी आर्थिक सहायता करनी चाहिये।

जिसको 1857 का गदर कहा जाता है, मैं समझता हूँ कि वह स्वतंत्रता संग्राम की बुनियाद थी। उस गदर में जिन लोगों ने भाग लिया बहुत आसानी से उनके परिवारों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उसमें चन्द गिने-चुने परिवार, जिनमें झांसी की रानी भी हो सकती हैं, मंगल पांडे भी हो सकते हैं, देश के दूसरे लोग भी हो सकते हैं, जो जाने माने हैं और उनके अलावा और भी बहुत से लोग थे जिनको सब नहीं जानते हैं। 1857 से जो संग्राम हुआ उसको अंग्रेजों ने गदर की संज्ञा दी थी लेकिन वास्तव में वह स्वतंत्रता संग्राम था। उस संग्राम के सेनानियों को हम सम्मानित नहीं कर सके हैं। हमारे यहां मेरठ से वह, जिसको गदर कहा जाता है, शुरू हुआ था। पांचली गाँव मेरे निर्वाचन क्षेत्र में है। वहां पर 85 लोगों को फांसी दी गई है। वे जिन्दा नहीं हैं। लेकिन उनके परिवारों के लोगों का हम जाकर सम्मान कर सकते थे, उनको सम्मान दे सकते थे। लेकिन हम उनको भी याद नहीं करते हैं। मैं बड़े अदब से कहना चाहता हूँ कि अगर देश में बलिदानों की परम्परा, देश के आर्थिक विकास और देश की स्वतंत्रता को कायम रखना है, तो फिर हमें उन बलिदानी लोगों के परिवारों को हर तरह से सम्मानित करना चाहिए, चाहे वह भगतसिंह का परिवार हो, सुभाषचन्द्र बोस का परिवार हो, बी० के० दत्त का परिवार हो, चाहे किसी भी स्वतंत्रता सेनानी का परिवार हो। अगर उनके सामने कुछ आर्थिक कठिनाइयां हैं, तो उनको दूर किया जाना चाहिए। मुझे देखने को मिला है कि नैनीताल में सरदार भगतसिंह की बूढ़ी मां किस तरह परेशान फिर

[श्री मूल चन्द डागा]

रही थी। स्वतंत्रता-सग्राम के सेनानियों को सम्मानित करने मे हमारे देश मे बलिदान की परम्परा कायम रहेगी। अगर हमने उनको सम्मान नही दिया, तो देश मे बलिदान की परम्परा खत्म हो जायेगी। वह देश गुलाम हो जाता है, जिस देश मे बलिदानो का आदर नही होता है, जिस देश मे बलिदान की भावना कुचल दी जाती है। हमे अपने देश मे वह भावना कायम रखनी चाहिए। इसलिए यह जरूरी है कि 1857 से लेकर आज तक जितने भी स्वतंत्रता-संग्राम के सैनिक रहे है, उन सबको साधन और सम्मान देकर आगे बढाया जाये।

भविष्य मे स्वतत्रता-सग्राम के सैनिको के कारनामों की याद बनाये रखने के लिए एक इतिहास तैयार किया जाना चाहिये, शताब्दियाँ मनाई जानी चाहिए और अन्य उचित पग उठाने चाहिए। केन्द्रीय सरकार का सूचना विभाग खास तौर से स्वतत्रता-सग्राम के सैनिको का एक इतिहास बनाये। वह इतिहास हमारे स्कूलो के कोर्स मे रखा जाये और हमारे स्वतंत्रता-संग्राम के वीर सैनिको की गाथायें हमारे बच्चो को पढाई जाये। इससे हमारे बच्चो मे उच्च सस्कार पैदा होगे और वे देश की रक्षा के लिए तैयार होगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER : We have had quite a long discussion on the subject and Members perhaps are anxious to know what the Government has to say on this But even so, a number of Members have sent me slips and they have indicated their desire to speak. I can accommodate all of them if they confine themselves to five minutes each. If they make long speeches, then it would become difficult. Shri Dhusia.

श्री अनंत प्रसाद धूसिया (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बड़ा आभारी हूँ कि आपने मुझे समय दिया। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि श्री शिब्बनलाल सक्सेना ने यह बिल सदन के सामने रखा है। मैं स्वय एक पौलीटिकल सफरर रहा हूँ। जब मै अपने ऊपर और अपनी फैमिली के ऊपर किये गये अत्याचारों को याद करता हूँ, तो मैं अपने आप मे नही रह पाता हूँ। मै सिर्फ एक ही मिसाल देता हूँ।

मेरे घर मे दो व्यक्ति—मै और मेरा छोटा भाई—पकडे गये। उस वक्त मेरी शादी हुई थी और मेरी शादी के कपडे और जेवर मेरे सामने पुलिस वालो ने लूटे। जहाँ तक मेरी स्त्री का संबध है, शी वाज बीटिन आन हर बट्टक्स बिद केन। इसके साथ-साथ मेरे घर मे आग भी लगा दी गई। जब मै इन बातो को सोचता हूँ, तो यह कहते हुए मुझे बडी शर्म आती है कि जो "पेशन" शब्द हम लोगो के लिए इस्तैमाल किया जाता है, वह कितना सार्थक है।

15-54 hrs.

[SHRI K. N TIWARI *in the Chair*]

इतना ही नही, मेरे लिए तो यह आर्डर था कि मुझे साइट पर ही शाट डैड कर दिया जाये। मेरे पिता ने मुझ से कहा कि बेटा, तुम भाग जाओ। मैने कुछ दिनों के लिए हिन्दुस्तान छोड़ दिया। उस वक्त जाड़े के दिन थे, कड़ाके की सर्दी थी और मेरे पास सिवाय एक कुर्ते और धोती के कुछ नही था। मैं एक कम्बल ले कर भागा था। उस वक्त मे गवर्नमेंट सर्विस मे था। मैं एजूकेशन आफिसर था।

इस वक्त मैं इन बातों को याद करता हूँ, तो मेरे हृदय मे बड़ा विद्रोह सा होता है। मैंने अपने डिस्ट्रिक्ट मे देखा है कि किस तरह से मेरे साथी ने पोलीटिकल सफरर का सार्टिफिकेट लेने के लिए तहसीलदार, नायब-तहसीलदार और डिप्टी कलेक्टर वगैरह के पास जाते थे। क्या उन लोगों ने स्वराज्य इसीलिए दिलाया? श्री पन्त के पिता उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर

थे। उनको इन बातों की कद्र थी। मुझे कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि यहां पर दि थिंग इज़ जस्ट दि रिवर्स। मुझे यह कहते हुए बड़ा दुख हो रहा है कि हर एक डिस्ट्रिक्ट में इन लोगों के लिए कुछ भी नही किया गया है। किसी को दस रुपये पेन्शन दी गई है और किसी को बीस रुपये। यह क्या है? क्या यह बैगिंग नही है? किन लोगों ने हम सब को यहां पर ला कर बिठाया है? किसके बल पर हम यहां आये हैं? किसके बल पर यह गवर्नमेंट बनी है?

जिन लोगों ने खून बहाया, दरअसल उनकी कोई पूछ नही है। अगर पूछ हुई भी, तो इतनी कम कि उस को सिवाये बैगिंग के और कुछ नही कहना चाहिए। "पेन्शन" शब्द को तो हटा देना चाहिए। मैं श्री पन्त से अपील करूंगा कि वह हर एक डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को यह डायरेक्शन दें कि वे खुद उन लोगों के घरों में जाकर सब डीटेल्ज लेकर गवर्नमेंट को दें। अगर यह नही होता है, तो मैं यही कहूँगा कि पहले की गवर्नमेंट में जो ब्यूरोक्रेसी थी, बिल्कुल उस का रिपिटीशन हो रहा है।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य ने कहा हैं कि वे लोग पोलीटिकल सफरर होने का सार्टिफिकेट लेने के लिए अफसरों के पास घूमते हैं। अगर यह न हों, तो गवर्नमेंट को कैसे यह मालूम हो कि ये लोग पोलीटिकल सफरर थे, इस बारे में आप का क्या सुझाव है?

श्री अनंत प्रसाद धूसिया : इसके लिए डिस्ट्रिक्ट अथारिटीज़ को खुद, या उनके रिप्रेजेंटेटिव को, उनके पास जाना चाहिए।

श्री मुल्की राज सैनी (देहरादून) : यू० पी० गवर्नमेंट ने कह दिया है कि अगर कोई दो एम० पीज़०, दो एम० एल० एज़० या दो पेन्शनर्ज़ का सर्टिफिकेट दे दे, तो उसको पोलीटिकल सफरर मान लिया जायेगा।

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : I would assure you that I have been issuing such certificates and the district magistrate will believe any certificate given by two M.L.As. or by the M.Ps. to the effect that the person has undergone imprisonment for more than *six months*.

श्री अनंत प्रसाद धूसिया : जिन लोगों के बल पर भारतवर्ष में इतना बड़ा चेंज हुआ, उन की जो उपेक्षा हुई है, संसार के किसी मुल्क मे ऐसे लोगों की इतनी उपेक्षा नही हुई है। रशा, पोलेंड, स्विट्ज़रलैंड और अन्य देशों का केस देखिये। छोड़िये दूसरे देशों को। बंगला देश मे क्या हो रहा है? दोज़ पोलीटिकल फाइटर्ज आर बिइंग रेसपेक्टिड लाइक गाड्ज़। यहाँ पर उन लोगो को ऐसे रिजेक्ट किया गया है, जिसका कोई हिसाब नही है।

श्री पन्त एक ऐसी फैमिली के आदमी है, जिसकी बड़ी अच्छी परम्परा रही है, जिसने राजनीति में भी अच्छा हिस्सा लिया है। इस लिए उस पर पूरा ध्यान दिया जाय और जैसा कि मैंने कहा है डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट खुद जाकर या अपनी एजेंसी के द्वारा उन पोलिटिकल सफरर्स को कान्टैक्ट करे, उनसे पूरे डीटेल्स लेकर उनको सर्टिफिकेट दे और यह पेंशन शब्द हटा कर उनको आनरेरिया दे।

16 hrs.

डा० कैलास (बम्बई दक्षिण) : माननीय सभापति जी, मै श्री शिम्बन लाल जी सक्सैना के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मुझे वह बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि आज की राष्ट्रीय सरकार को भी कुछ बातों की याद दिलानी पड़ती है। अभी उपाध्यक्ष महोदय ने बताया कि इस प्रस्ताव पर करीब साढ़े तीन घंटे बहस हो चुकी है और एक घंटा 20 मिनट और बहस जारी रहेगी। इस सम्मनानीय सदन में हर पार्टी के सभासदों ने शिम्बन लाल जी के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

[डा० कैलाश]

लेकिन फिर भी हमारे प्रिय और कुशल मत्री श्री पत जी शायद उन सबकी वाणी से नही हिल पाए हैं, तो मैं नही जानता हमे उनको क्या कहना पडेगा। अभी पाक- हिन्दुस्तान युद्ध हुआ। उस इतिहास की स्याही सूखने भी नही पाई थी कि इदिरा गाधी जी ने और श्री पंत जी ने या यो कहिए मत्रि-मंडल ने उन सेनानियो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्हे पूरी तनख्वाह मिलती रहेगी, पूरी पेंशन मिलती रहेगी। लो अपंग हुए है उनका हम यह सम्मान करेगे, वह सम्मान करेगे। सारा देश उल्लास से भर गया कि यह मत्रिमंडल कुछ राष्ट्रीय भावनाओ से जाग्रत मत्रिमडल है और वह कदम उठाना जानता है जो कदम सामान्य जनता को प्रिय हैं। लेकिन जब हम बात करते हैं उन सेनानियो की जिन सेनानियो की वजह से हम आज यहाँ बैठे है, भारतवर्ष एक स्वतंत्र देश कहलाता है, उनके लिए कुछ भी नही किया गया। महाराष्ट्र ने कुछ किया, उत्तर प्रदेश ने कुछ किया, लेकिन किस प्रकार किया? दबाव के कारण किया। कही दस रुपये महीने पेंशन दी जाती है और पेशन के रूप मे दी जाती है, कही 20 रु०, कही सौ रुपये, कही दो सौ रुपये। क्या यह सरकार इस प्रकार का एक बिल नही ला सकती कि जो सारे हिन्दुस्तान मे लागू हो? एक यूनिफार्मिटी होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश कही जा रहा है, केरल कही जाता ही नही है, डी० एम० के० कही पार्ट लेगी कि नही लेगी? मैं किसी पर टीका-टिप्पणी नही कर रहा हूँ। यह राष्ट्रीय भावना की बात है, राष्ट्रीयता को भरने की बात है। हम देश में कह रहे हैं कि हमने इतना भौतिक निर्माण किया। भौतिक निर्माण अवश्य हुआ है लेकिन-चरित्र निर्माण का ह्रास हुआ है। और ह्रास इसलिए हुआ है कि हमने उन व्यक्तियो को भुला दिया। हमने उदाहरण इस प्रकार के नहीं रखे आपने नवयुवको के सामने कि देश को जाग्रत करने के लिए मानव-बलि चाहिए, आहुति चाहिए। मानव कब पैदा होते है? या तो हर समय ऐसे व्यक्ति पैदा हो देश मे या उन का इतिहास इस प्रकार लिखा जाय जो हमारे नवयुवको के सामने पढने को मिले। वह नही हो पा रहा है। इन्फार्मेशन एड ब्राडकास्टिग मिनिस्ट्री क्या कर रही है, मालूम नही। मेरे से पूर्व वक्ता का कठ भर आया था बोलते-बोलते। मैं भी उसी श्रेणी मे हूँ। मेरा कंठ नही भरता। सन् 42 मे मैं भी क्रान्तिकारियो के साथ था। सन् 1930 मे दिल्ली कासपिरेसी केस मे भगत सिह के साथ मुझे भी बुलाया गया था और 1942 मे मैं भी क्रान्तिकारी के रूप मे पकडा गया था। मैंने कभी सर्टिफिकेट की आशा नही की। मुझमे बुद्धि थी, कौशल था, कुछ व्यक्तित्व था, तो मै आगे आ सका। लेकिन क्या यह ठीक लगता है कि इस प्रकार की सरकार को याद दिलानी पडे? हम ने यह कोशिश की कि अगर सरकार भुलती है, अगर इन्फार्मेशन एण्ड ब्राड-कास्टिग मिनिस्ट्री भूलती है तो 21 तारीख को सुबह 9 बजे इदिरा गाधी जी एक पुस्तक का प्रकाशन करने जा रही है जिसमे सभापति जी, आप का भी चित्र है, आप की भी जीवन-गाथा है कि आपने किस प्रकार निकोबार आईलेंड मे अपना जीवन व्यतीत किया, और उसका नाम हमने रखा है 'क्रान्तिकारी प्रेरणा के स्रोत।" यह इसका पहला भाग है। इसमे 43-44 व्यक्तियो के जीवन चरित्र दिए है और उनके चित्र दिए है। और हम हर कालेज, हर स्कूल के नवी, दसवी और ग्यारहवी कक्षा के छात्रो तक उसे पहुँचाना चाहेगे। वह लडके और लडकियाँ पढ़ें और जाने कि उन्हे अपने चरित्र का भी निर्माण करना है। भौतिक निर्माण के साथ-साथ चरित्र-निर्माण भी इस देश मे होना चाहिए। हम ब्यूरोक्रेसी के खिलाफ बोलते रहते है। हमारे भाई ब्यूरोक्रेसी मे हैं, हमारा भतीजा ब्यूरोक्रेसी मैं हो सकता है। क्यो उसका चरित्र

निर्माण नहीं हो पाया ? कारण यही है कि हम ने सारा ध्यान पैसे पर रखा है। हर काम पैसे से किया जा रहा है। और आज वही पैसे की बात राष्ट्रीय सरकार कर रही है। माननीय डागा जी ने ठीक कहा कि "पेंशन" शब्द लिख करके आपने हमारे सैनानियों को सम्मान-विहीन कर दिया, उन व्यक्तियों के सम्मान में क्या आप और कोई शब्द पेंशन हटा कर नहीं लिख सकते ? आपको आनरैरियम बोलना चाहिए था। आप सौ दो सौ रुपये की बात करते हैं। अगर आपके पास आंकड़े हों तो बताने की कृपा करेंगे मैं नहीं समझता कि 200 से ज्यादा व्यक्ति ऐसे होंगे जिनको आनरैरियम आपको देना पड़ सकता है। उसमें कितना रुपया आपका खर्च होगा ? आप ने राजा-महाराजाओं को खत्म किया है, उससे जो रुपया बचता है, उस का हजारवां भाग भी शायद इनको देना नहीं पड़ेगा। तो पैसे की बात, सौ दो सौ रुपयों की बात करना और उनको पेंशन का नाम देना, यह भी बिलकुल गलत बात हो रही है। सुझाव ठीक है कि एम०पी० अगर लिखदें या दो एम० एल० ए० लिख दें कि स्वतंत्रता सैनानी है, तो वह काफी होना चाहिए, लेकिन उस के लिए कलेक्टर के पास दौड़ना, मिनिस्टर के पास जा कर बैठना, होम मिनिस्टर के पास जा कर बैठना, और सर्टिफिकेट प्राप्त करना, यह असम्माननीय बात नही होनी चाहिए।

इसलिए मेरी यही प्रार्थना है कि पंत जी जब उत्तर देंगे तो कृपा करके सक्सैना साहब अपना प्रस्ताव वापस ले लें तो बड़ी अच्छी बात होगी क्योंकि पंत जी आश्वासन देंगे कि कंसालिडेटेड बिल यहां पर आएगा और वह सारे देश में लागू होगा। हम स्वतंत्रता की रजत जयंती, पच्चीसवां वर्ष मनाने जा रहे हैं। इस वर्ष में इतिहास बनाना चाहिए था और वह इतिहास इसी प्रकार बन सकता है जब कि हम सारे स्वतंत्रता सैनानियों को एक दिन दिल्ली में बुला कर उनका सम्मान करें तथा उनको जीवनी पुस्तिका भेंट दें। आपने मुझे समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं एक सुझाव और देना चाहता था। हमारे देश में जिस प्रकार स्वतंत्रता के पहले राय साहब, खान बहादुर और राय बहादुर का खिताब मिला करता था उसी तरह हमने प्रथा शुरू की है पद्म विभूषण और पद्म श्री की। पंत जी बताने की कृपा करेंगे कि कितने हमारे क्रान्तिकारी भाई और बहनें हैं जिन को आपने यह खिताब देने की कृपा की है ?

एक माननीय सदस्य : उनको बेइज्जत करेंगे देकर ?

डा० कैलास : हां, ठीक बात कही क्यों कि यह आज उन को दी जा रही है जिन की सिफारिश पंत जी तक पहुँचेगी। मैं बदनाम करने के लिए नही कह रहा हूँ। मैं ने तो दो नाम दिए थे। उनका नम्बर भी नहीं आया। लेकिन जिस प्रकार से राय बहादुर और खान बहादुर के खिताब पहले पैसे लुटाने से मिला करते थे वैसे आज यह सिफारिश से मिल रहे हैं। मेरा सुझाव है कि कृपा करके अगले 26 जनवरी के दिन स्वय अपने आप बिना किसी सिफारिश के जो व्यक्ति आज जिन्दा हैं, जैसे आज हमारे सभापति जी बैठे हुए हैं, माफ करेंगे, वह इस समय आसन पर बैठे हुए हैं, सब को खिताब देने की कृपा करेंगे। क्या उन को कभी सम्मान किसी प्रकार का दिया गया और यही नहीं ऐसे सेनानियों को शायद कांग्रेस चुनाव टिकट भी कैसे देते हैं, मैं जानता नहीं, शायद कोशिश करनी पड़ती है। मैं तो अगर बिहार में होता तो वहां के सेनानियों से प्रार्थना करता और उनका आभार मानता कि आप लोगों ने इतनी कृपा की कि आप स्वतंत्रता के लिए सेनानी बने, अब आप देश के नव-निर्माण के लिए आगे बढ़ें। आज यह प्रथा होनी चाहिए कि जो कांग्रेस के टिकट के लायक हैं, उनको प्रार्थना करके टिकट दिया जाना चाहिए और उन को

[डा० कैलाश]

लाना चाहिये, उनको यह सम्मान देना आवश्यक है। इस प्रकार की बातें होने लगेंगी तो जिस दृष्टिकोण को हम बदलना चाहते है—राष्ट्रीय दृष्टिकोण बनना चाहिए, चरित्र निर्माण का दृष्टिकोण बनना चाहिए—अगर इस तरह से हो सकेगा।

हमारे शिब्बन लाल जी भी बहुत बड़े सेनानी रहे हैं, आज वह हमारी पार्टी मे नही है, लेकिन हमारी पार्टी से कही ज्यादा ऊंचे है, इस लिये ऊंचे है कि वह जनता के लिये जीते है और जनता के लिये मरते है। उन्होने इस प्रस्ताव को यहां लाकर चर्चा का मौका दिया, अच्छा हो अगर इस प्रकार की चर्चा अखबारो में भी चल पड़े, तब शायद हमारी सरकार का ध्यान इस तरफ जाय, जिस तरह से आज के सैनानियों की तरफ जा रखा है, उसी प्रकार से पुराने सेनानियों की तरफ भी जायगा तथा देश के चरित्र का निर्माण होगा।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, श्री शिब्बन लाल जी सक्सैना ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है मैं उसका जोरदार समर्थन करता हूँ। मुझे यह जान कर प्रसन्नता हुई कि सरकार इस संबंध में एक विस्तृत विधेयक इस सदन में पेश करने का विचार कर रही है। इस संबंध में मेरा सरकार से यही निवेदन है कि उस विधेयक को इसी सत्र में पेश किया जाय ताकि हमारे देश में जिन लोगों ने मातृभूमि की बलिबेदी पर कुरबानी की, जो स्वयं जिन्दा हैं या जिन के आश्रित आज बहुत बुरी अवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे है, उन्हे ज्यादा से ज्यादा मदद शीघ्र दी जा सके। इस के लिए आवश्यक है कि इस तरह का विधेयक इसी सत्र में पेश किया जाय और पास करने के बाद उसे शीघ्र कार्यान्वित किया जाय।

सभापति महोदय, आप स्वयं भी स्वतन्त्रता सेनानियों में अग्रणी रहे हैं, आप तो अण्डमान की जेल मे भी रह चुके है। कुछ साल पहले अण्डमान की जेलो मे रहने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों के लिए पेंशन देने की व्यवस्था सरकार ने की थी, मेरा ख्याल है, उनमें से बहुत सारे स्वतन्त्रता सेनानी आज भी ऐसे है, जिन्हे पेंशन—पेंशन शब्द से कुछ माननीय सदस्यो को एतराज है—जीवन निर्वाह भत्ता नही दिया जा रहा है। मैं स्वय जानता हूँ—पटना के श्री श्याम कृष्ण अग्रवाल को सभापति जी, आप उन्हे अवश्य जानते होगे, उन्होने पेंशन के लिए एक आवेदन दिया, उनका बहुत बड़ा परिवार है, बहुत बुरी हालत है, उनको कुछ आमदनी घर की भी है, उस आमदनी के आधार पर उनके आवेदन-पत्र को अस्वीकार करके उनके पास सूचना भेज दी गई। अगर स्वतन्त्रता सेनानियो की मदद करने का यही अर्थ है तो उससे कितने लोगो को फायदा होगा ?

सभापति जी, उन दिनो मै भी राष्ट्रीय आन्दोलन में आपके साथ था। हमारे साथ जेलो में रहने वाले दर्जनो ऐसे कार्यकर्त्ता है, जिनके पास आज न रहने का ठिकाना है और न खाने का ठिकाना है। उनके परिवार की बात तो पूछना ही व्यर्थ है। फिर भी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है और जो लोग चलते-पुर्जे है, जिनका सम्पर्क बड़े मंत्रियों और अफसरों से है, उनका काम जरूर हो जाता है। लेकिन जो साधारण श्रेणी के है, गरीब हैं, उनके लिए कोई व्यवस्था नही है। इसलिए मै चाहूँगा कि उन्हे आर्थिक सहायता दी जाय और ऐसे लोगो के पुनर्वास की व्यवस्था भी की जाय। आज सरकार अनेकों कालोनियों का निर्माण कर रही है, आज ऐसे स्वतन्त्रता सेनानियों के लिए कोई कालोनी क्यों नहीं बनाते हैं ताकि उनके रहने के लिए व्यवस्था हो जाय।

आप के शिक्षा विभाग ने एक ग्रन्थ उन लोगों के बारे में छापा है, जो लोग शहीद हो चुके हैं। 1857 से 1942 तक के लोगों का ग्रन्थ निकल चुका है। मैं चाहता हूँ कि तमाम स्वतन्त्रता सेनानियों के जीवन के सम्बन्ध में एक ग्रन्थ प्रकाशित किया जाय ताकि हमारे देश की जनता और खासतौर से जो नये नागरिक पैदा हो रहे हैं, स्कूलों और कालिजों में पढ़ने वाले नौजवान, वे उनसे शिक्षा ग्रहण कर सकें।

पाठ्य पुस्तकों के बारे में यहाँ पर ठीक ही कहा गया है कि हमारी पाठ्य-पुस्तकों में जो हमारे बड़े-बड़े स्वतन्त्रता सेनानी हुए हैं, भगत सिंह, आजाद, वगैरह, उनकी जीवनियाँ उसमें दी जायें, ताकि वे बच्चों को नया प्रोत्साहन भी दें और देश के प्रति उत्कट देश भक्ति की भावना भी जगायें। यह काम जरूर होना चाहिए। अगर इस तरह से आप कर सके तो उनकी बड़ी मदद होगी।

हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य है कि हम इस तरह का काम शीघ्र से शीघ्र करें और तमाम लोगों को जहाँ तक सम्भव हो सहायता प्रदान करें और उनके अदम्य उत्साह और कुर्बानियों से अपने देश की जनता को अवगत करा सकें।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : सभापति महोदय, अभी ता० 15 को एक सवाल का जवाब देते हुए, जिसे मैंने और श्री संकटा प्रसाद जी ने किया था, श्री कृष्ण चन्द्र पंत ने कहा—

> "Whether a scheme for giving regular pension—अगर नाराज़गी हो तो पेन्शन वर्ड को आप एमण्ड कर सकते हैं—to all those who have taken active part during the country's freedom movement has been drawn;
>
> if so, what are the salient features of the scheme; and
>
> whether this is going to be a central-oriented scheme covering all States and Union Territories?"

उन्होंने जवाब मे कहा—

> "The Government of India have formulated a scheme for the grant of pension in deserving cases to those freedom fighters who had undergone imprisonment in the mainland jails for not less than six months and to their families if they are themselves no longer alive."

फिर उन्होंने कहा—

> "The total amount of pension to a freedom fighter will be not less than Rs. 200 per month and to members of the family of martyrs and of such freedom fighters as are dead the pension will vary between Rs. 100 and Rs. 200 per month."

इस सवाल का जवाब पा कर मुझे बहुत खुशी हुई। मैं समझता हूँ कि श्री शिब्बन लाल जी सक्सैना ने भी इसको पढ़ा होगा और इससे उनको फैसला लेने मे काफी सहूलियत हो जायगी। मैं पंत जी से केवल एक बात पूछना चाहता हूँ—जो स्कीम सरकार लागू करने जा रही है, क्या उसके लिये किसी विधेयक की जरूरत होगी और यदि जरूरत है तो वह विधेयक कब तक आयेगा ?

दूसरा सवाल—सभापति जी, जिस तरह की कुर्बानियां आपने की हैं, आपकी कुर्बानियों की कहानी अपने मित्र विजय कुमार बनर्जी और दूसरों से मैंने सुनी हैं, वाकई मैं नतमस्तक होकर श्रृद्धा की नज़र से आप को देखता हूँ, क्योंकि वास्तव में आपने देश को आज़ाद कराया है, लेकिन दूसरी तरफ मुझे यह कहते हुए भी दुख होता है कि जिस तरह से पहले पेन्शन दी जाती थी, खास कर चन्द्र शेखर आज़ाद की माता जी को, वह बेचारी भूखी लेट जाती थीं, बहुत कहने-सुनने पर 20 रु० उनको

[श्री एस० एम० बनर्जी]

दिये गये थे और वह भी उन की मृत्यु से कुछ दिन पहले। इसी तरह से खुदी राम बोस के परिवार का हाल था, हम कैसे इस बात को भूल सकते है। भगत सिह, चन्द्र शेखर आजाद, बिस्मिल, खुदी राम बोस—इन लोगो की कुर्बानियाँ थीं, जिनकी कुर्बानियो से हमारे देश की आजादी काफी हद तक करीब आई, उन के परिवारों के लिये हमे अवश्य कुछ करना चाहिये।

एक बात कहने मे मुझे दुख होता है—जिस तरह से 14 दिनो की लड़ाई मे हम लोगो ने पाकिस्तान को शिकस्त दी, लेकिन मेरी आँखों से आँसू आ गये जब मैं भगत सिह की समाधि पर गया जो अब फिर पाकिस्तान के कब्जे मे चली गई है। आपको मालूम है जब मै और मेरे दोस्त श्री एस० एम० जोशी 1958-59 का चुनाव जीत कर आये थे, तो हम फीरोजपुर गये। वहाँ जब बार्डर पर जाकर हमने समाधि को देखा तो बहुत दुख हुआ। वह एक अजीब सी बनी हुई थी। भगतसिह राजगुरु और सुखदेव की उस समाधि को देख कर बहुत दुख हुआ कि यह ऐसी समाधि क्यो है। हमने पंजाब के मुख्य मंत्री को लिखा, नेहरु जी को पत्र लिखा और उसके बाद एक अच्छी समाधि बनी। आपको यह भी याद होगा कि रेडक्लिफ एवार्ड के अनुसार वह हिस्सा पाकिस्तान को मिलना था, लेकिन पाकिस्तान से समझौता करके उसको हमने अपनी सीमा मे ले लिया। वहाँ पर मेला लगता था, लोग वहाँ भगतसिह को याद करने जाते थे। लेकिन आज अगर वह पाकिस्तान के कब्जे मे है तो मै समझता हूँ जब हम तमाम चीजों मे पाकिस्तान को शिकस्त दे चुके है, भगतसिह, राजगुरु और सुखदेव की समाधि वास्तव मे पाकिस्तान के कब्जे मे है तो वह हमको लेना चाहिए। उसके लिए मे युद्ध की घोषणा नहीं करना चाहता बल्कि आई कम्प्रोमाइज कुछ होना चाहिए क्योंकि वह हमारे देश का हिस्सा है।

मेरा एक निवेदन और है। मैं जानता हूँ कि सेन्ट्रल हाल मे शायद उनकी तस्वीरें कभी भी नही लगेंगी जिन्होने बम का सहारा लिया था। क्यों सहारा लिया था? इस देश को आजाद करने के लिए। जिस पार्लमेन्ट के ऊपर जिसको उस समय लेजिस्लेटिव असेम्बली कहा जाता था। यहाँ बम का सहारा लिया गया था, वह गोरे साम्राज्यवाद को चेतावनी दी गई थी, उस पार्लमेन्ट के सामने भी भगतसिह की मूर्ति बन जाये तो देश का कोई नुकसान नही है। इसलिए मै कहता हूँ कि सेन्ट्रल हाल मे तो उनकी जगह नही क्योकि नानवायलेन्स को छोडकर उन्होने गोली का सहारा लिया था हालाकि यह सहारा भी कभी कभी देश की आजादी के लिए लेना पड़ता है। इसलिए मेरा निवेदन है, मेरा हार्दिक निवेदन है कि भगतसिह की स्टैच्यु पार्लमेन्ट के सामने जरूर हो। हमने काफी प्रयत्न करके डा० अम्बेदकर की स्टैच्यु यहाँ लगाई क्योकि वे हमारे सविधान को लिखने वाले मे और देश को उन पर श्रद्धा थी। उसी तरह से भगतसिह की स्टैच्यु भी यहाँ होनी चाहिए।

मार्टर्स के बारे मे, जिन्होने अपनी कुर्बानी दी थी, कहा गया कि मार्टर्स मेमोरियल लालकिले के सामने बनेगा। वह कब बनेगा मुझे मालूम नही लेकिन वह बनना चाहिए ताकि देश के लोगों को जानकारी हो सके। इस बार पहली मर्तबा 26 जनवरी को हमारे देश के छोटे-छोटे लड़कों ने समझा कि 26 जनवरी है क्या। पहले लोग समझते थे कि हवाई जहाज उड़ा करते हैं, टैंक चला करते हैं लेकिन इस बार जलियांवाला बाग में डायर के अत्याचारों को दिखाया गया और तमाम चीजें दिखाई गईं कि लोगों ने कैसे शहादत दी है। इस बार 26 जनवरी के

संयोजकों को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने छोटे-छोटे लड़कों के दिमाग में यह फीलिंग कराई कि रावी के किनारे हम लोगों ने क्या शपथ ग्रहण की थी।

इन शब्दों के साथ में इस बिल की ताईद करता हूँ और पंतजी से निवेदन करूंगा कि वे यहाँ पर ऐलान करें कि दूसरा बिल लाया जायेगा ताकि सक्सेना जी इस बिल को वापिस ले सकें।

श्री स्वामी ब्रह्मानन्दजी (हमीरपुर) : सभापति जी, सरकार कहती है कि स्वतंत्रता सेनानी होने का सर्टिफिकेट चाहिए लेकिन सर्टिफिकेट की क्या जरूरत है ? अपने देश में अपने तमाम आदमी जोकि जेल गए हैं, जिन्होंने हिंसा के द्वारा काम किया है या अहिंसा के द्वारा क्या उनकी रिपोर्टें सरकार नहीं मँगा सकती है ? जब तमाम बदमाशों की रिपोर्ट आती है तो भले आदमियों की रिपोर्टें भी आ सकती हैं। सरकार एक बहाना बनाती रहती है। मैं आपको बताता हूँ कि महाराज पारीछत ने बुंदेलखण्ड के अन्दर अंग्रेजों से बगावत की थी और उनके सारे परिवार, महाराज पारीछत की स्त्री उनके बच्चों का आजतक पता नहीं कि वे कहाँ हैं। बानपुर (जिला झाँसी, उत्तर प्रदेश) के राजा अभी मेरे यहाँ पड़े हुए हैं। रानी को खुद पंतजी ने पाँच हजार रुपया उनकी दो लड़कियों की शादी के लिए दिया था। बानपुर के राजा कौन हैं ? बानपुर के राजा वह हैं जिन्होंने लक्ष्मीबाई के पहले बगावत की थी और अंग्रेज जनरल को मारकर दूरबीन छीनी थी जोकि जवाहरलाल जी को भेंट की गई थी। आज वह मेरे कमरे में पड़े हुए हैं। मैंने कहा था कि इनको राज्य सभा का मेम्बर बना दिया जाये। इस तरह उनको भी राज में कुछ हिस्सा मिल जायेगा। ऐसे देशभक्तों को ढूंढ़ कर जैसे लक्ष्मीबाई के खानदान को, महाराज पारीछत के खानदान की और सुभाष के खानदान को राज्य सभा का मेम्बर बनाना चाहिए। उनको पेंशन देने की कोई जरूरत नहीं है। अभी तक तो आपने सदन को यतीमखाना बना रखा है कि जो भी खुशामदी होता है उसी को सदस्य बनवा देते हैं। मैं सुझाव दूंगा कि राज्य सभा की सीटें जो लोग शहीद हुए हैं उन्हीं के परिवार वालों को मिलनी चाहिएं और उन लोगों की रिपोर्ट मँगानी चाहिए। कितनी लज्जा की बात है कि हम जाकर कहें कि हम पोलिटिकल सफरर हैं आपने हमको पहचाना नहीं। सर्टिफिकेट देने की क्या जरूरत है। ऐसे लोग तो जहाँ भी जायें वहाँ सीना तानकर खड़े हो सकें कि हम देशभक्त है। मैं भगवा वस्त्र पहने हूँ। मैं भी कई बार जेल गया हूँ। इन कपड़ों में रिवाल्वर और हथियार बाँध कर मैंने राजनीतिक आन्दोलन में काम किया है। मैं गाँधी जी के साथ रहा हूँ पर गाँधी जी के उसूलों पर पूरा विश्वास नहीं करता था। मैंने कहा कि बिना हिंसा के कहीं काम चलता है ? अहिंसा से मच्छर कैसे मारे जायेंगे खटमल कैसे मारे जायेंगे ? मैं हमेशा एक सन्यासी रहा। मैंने हथियार कभी नहीं चलाया। एक बार एक बदमाश के लिए मैंने सोचा था कि वह आयेगा तो मार दूंगा लेकिन मौका नहीं मिला और वह बच गया। इस तरह से मैं गाँधीवादी बना रहा। मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर गवर्नमेन्ट चाहे तो सब कुछ हो सकता है। श्री शिब्बन लाल सक्सेना जी भी बड़े देशभक्त हैं। उनके जिले में लोगों ने कितनी कितनी कुर्बानियाँ की हैं। गवर्नमेन्ट अगर चाहे तो सब कुछ हो सकता है लेकिन गवर्नमेन्ट भूल सी गई है। आज तो हमारे मिनिस्टरों का यह हाल है कि जहाँ मिनिस्टर बने नहीं उनका दिमाग खराब हो जाता है। अगर हम उनके पी० ए० से पूछते हैं तो कहते हैं कि बाथरूम में हैं। जाने बाथरूम में ही बैठे रहते हैं। मैं ज्यादा बोलता नहीं हूँ। पार्लियामेन्ट के मेम्बरों से भी मैं कहता हूँ भैया अब तो मिनिस्टरों से मिलना भी बड़ा मुश्किल है। मिनिस्टर मिलेंगे

[श्री स्वामी ब्रह्मानन्द जी]

भी तो अपने एरिया के आदमियो को ही घेर कर बैठ जायेगे और दूसरे आदमियो को कोई मौका ही नही मिलता है । वे अपने क्षेत्र के आदमियो से ही अधिकतर बात करते है । भाई आप तो हिन्दुस्तान भर के मिनिस्टर हो आप सभी से बात करो लेकिन ऐसा होता नही है । अब हमारे वश की एक ही बात रह जाती है कि सभापति के सामने ही हम चिल्लाय कि यह हो रहा है । मै ज्यादा बोलना पसन्द नही करता लकिन आप देखें कि वोटर्स ने हमको वोट दिया है हम उनको मालिक माने और हमने इनको वोट दिया है यह हमको मालिक माने । लेकिन सब उल्टा हो रहा है । हम इनको सलाम करने के लिए घूमते रहते है । तो यह मेरा सुझाव है कि पोलिटिकल सफरर्स को राज्य सभा और कोसिलो मे मेम्बर बनाना चाहिए इससे आपको पैसा भी कम देना पडेगा । मै तो परेशान हूँ यह देखकर कि आज देश को आजाद हुए 25 साल हो गए फिर भी बसोर बसोर ही बना है मेहतर मेहतर ही बना है । भ्रष्टाचार पूर्ववत् चारो तरफ फैला हुआ है । हम किसी दारोगा के खिलाफ लिखेंगे कि इसने अन्याय किया है तो उसी के पास से उत्तर आ जाता है । ये उस दारोगा से ही रिपोर्ट मँगवाते है और वह लिख देता है कि यह गलत है । मंत्री जी उसी को यहाँ पर पढ देते है कि यह गलत है । फिर यह काम कैसे चलेगा ? 25 साल हो गए लेकिन मेहतर मेहतर ही बना है । 80 लाख रुपया एक धार्मिक ग्रन्थ को क्यो दिया ? यह रुपया एक ऐसे धार्मिक ग्रन्थ रामायण के लिए दिया गया है जिसमे स्त्रियो एवं शूद्रो की निन्दा की गई है । मिनिस्टर लोगो का ज्यादा जीत जाने से दिमाग खराब ही गया है । तो इन सब बातो की तरफ ध्यान देना चाहिए ।

डा० गोविन्द दास रिछारिया (झांसी) सभापति जी, मैं आपके द्वारा माननीय पन्तजी से निवेदन करना चाहता हूँ कि सक्सैना जी का जो आशय है उसके लिए वे कोई बिल पेश करें और उसमे 1857 से जो क्रान्ति हुई थी या सगठित की गई थी उसका अवश्य ध्यान रखें । मै उस क्षेत्र झाँसी से आता हूँ जहाँ से 1857 की क्रान्ति को सगठित किया गया था, महारानी लक्ष्मीबाई के द्वारा । मेरे सामने आज भी इस तरह के उदाहरण है कि जो राजा या जो राज परिवार के लोग या जो आम लोग उस क्रान्ति मे सम्मिलित हुए थे या जिनके बुजुर्ग उसमे सम्मिलित हुए थे आज वे भूखो मर रहे है चौराहो पर घूम रहे है । वे राजा जिन्होने उस समय महारानी लक्ष्मीबाई के खिलाफ अंग्रेजो का साथ दिया था उनको अग्रेजो ने इनाम दिया बल्कि उनको अभीतक इनाम मिलता रहा । वह सिधिया परिवार जिसने महारानी लक्ष्मीबाई के साथ विश्वासघात किया उसको उस समय से इनाम मिलता रहा और आज भी देश मे वे हमारे रास्ते मे रोडा बनते चले आ रहे है । जैसाकि अभी स्वामी जी ने कहा बानपुर के राजा और उनका परिवार आज भी भटकता फिर रहा है और भूखो मर रहा है ।

इसी तरह से महारानी लक्ष्मीबाई के बाद जितनी क्रान्तियाँ हुई है, क्रान्तिकारी आन्दोलन हुए है, आप सब जानते है, इतिहास के विद्यार्थी जानते है, सबका सगठन झाँसी मे हुआ है । चन्द्रशेखर आजाद झाँसी की गलियो मे रहे है और वहाँ के जंगलो मे उन्होने संगठन किया है । उनका साथ देने वाले महाराजा खानिया-धाना की रियासत छीन ली गई । आज उनके लोग भूखो मर रहे है । आज तक उनका कोई ठिकाना नही है ।

मेरा निवेदन है कि आप जो भी बिल लाये या जो भी कानून पास करें आप का दृष्टिकोण यह हो कि खाली जेल जाना ही कोई बड़ी चीज नही थी । 1857 मे लोगो ने गोलियाँ खाई । महारानी लक्ष्मीबाई के साथ एक कोरी

झलकारी थी। जब अंग्रेजों की सेना महारानी लक्ष्मीबाई का पीछा कर रही थी तब उसने महारानी लक्ष्मीबाई के कपड़े पहने और सामने आकर अपने को गिरफ्तार करवा दिया। वह कोरी जाति की लड़की थी। उसको सर ह्यू रोज ने गोली से उड़ा दिया था। उसके परिवार के लोग आज भी झाँसी की गलियों में भूखों मर रहे हैं। आप जो भी विधान यहाँ रखें उसमें यह रखें कि जिन्होंने जेल यात्रा की है या गोली खाई है। बानपुर के राजा के किले में बहुत से लोगों को फाँसी पर लटका दिया गया था। उनके परिवार के लोग आज भूखों मर रहे हैं। झाँसी में एक कहावत थी····

सभापति महोदय : आपके पास जो व्यक्तिगत केसेज हों उनको आप मिनिस्ट्री के पास भेज दीजिये।

डा० गोविन्द दास रिछारिया : मैं निवेदन यह कर रहा हूँ कि यहाँ पर जो बिल पेश है उसमें खाली जेल यात्रा लिखना ही काफी नहीं है। जैसा श्री विकल ने कहा 1857 से लेकर उसके बाद तक जितने भी क्रान्तिकारी आन्दोलन हुए हैं उसमें जिन लोगों ने गोलियाँ खाई है अथवा जिनके परिवार बरबाद हुए उनका समावेश किया जाये और उन सबको इसमें राहत मिलनी चाहिए। इसके साथ साथ जिसने छः महीने ही नहीं तीन महीने, एक महीने या जितनी भी जेल यात्रा की हो उसका भी इसमें समावेश होना चाहिये। मेरी यह इच्छा है कि श्री पन्त इसको करेंगे। पन्त जी खुद बहुत सी चीजों को जानते हैं। उत्तर प्रदेश का इतिहास उनको मालूम है। वह खुद स्वतंत्रता संग्राम में उस परिवार के रहे हैं जिनका सम्बन्ध सभी उन परिवारों से रहा है। इसलिये पन्त जी घोषणा करें कि वह इस प्रकार का बिल लायेंगे और मैं आशा करता हूँ कि इस आश्वासन के बाद श्री सक्सैना अपने बिल को वापस ले लेंगे।

श्री हरबारा सिंह (होशियारपुर) : सभापति महोदय, मैंने एक इश्तहार अखबारों में देखा जिसमें गवर्नमेंट आफ इंडिया की तरफ से एक मुफस्सिल हिदायत थी कि जो पौलिटिकल सफरर्स हैं, जो फ्रीडम फाइटर्स हैं, उनकी वह मदद करना चाहती है। यह ऐसी चीज से जिससे बहुत से लोगों में, जिनके चेहरे पसमुर्दा थे, रोशनी आई है। यह इसलिये कि अभी तक ऐसे लोग कहीं-कहीं मौजूद हैं जिनकी उम्र ज्यादा हो गई है क्योंकि उन्होंने जो लड़ाई लड़ी थी वह 1947 से पहले लड़ी थी। उसके बाद तो फ्रीडम फाइटर्स का सवाल ही पैदा नहीं होता। उससे पहले के लोगों की उम्र बहुत ज्यादा हो गई है, लेकिन उनकी हिफाजत के लिये, उनकी देख-भाल के लिये, रोटी के लिये, गुजारा करने के लिये बहुत कम चीजें की गई हैं। पंजाब में कुछ हुआ था सरदार प्रताप सिंह के वक्त में। हमने कुछ पेंसनें दी थीं। कुछ की सर्विसेज को एनर्जाइज किया और कुछ को जमीनें भी दीं। लेकिन आज के जमाने में वह बहुत कम मालूम होता है। जो भी हो, आज हजारों आदमी ऐसे हैं जो जेल काट कर अपने घरों में बैठे हुए हैं। उनकी परवरिश करने वाले कोई आदमी आगे नहीं आये। मुझे खुशी है कि गवर्नमेंट आफ इंडिया ने यह बात अपने जिम्मे ली है। जब श्री पन्त से मेरी बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि वह इसके लिये बिल लाने वाले हैं। मुझे उम्मीद है कि उसमें यह तमाम चीजें लाई जायेंगी जिससे हमारे जो फ्रीडम फाइटर्स हममें नहीं हैं या हैं और जिन्होंने अपने सीने पर गोलियाँ खाकर देश को आजाद कराने के लिये काम किया है उनकी परवरिश का इन्तजाम किया जायेगा। ऐसे लोग मौजूद हैं जिनको जमीनें दी जा सकती हैं, पेंशनें दी जा सकती हैं। इस लिहाज से उनके लिये मकान, दूकान और काम का बन्दोबस्त सरकार अपने जिम्मे ले।

आज इस तरह के लोग बहुत कम हैं, ज्यादा नहीं रह गये हैं। अगर और चार-पाँच साल तक इन्तजाम कर दिया जाय तो शायद

[श्री दरबारा सिंह]

उसके बाद जरूरत ही न पड़ें, क्योंकि यह लोग बहुत उम्र वाले है। अगर कोई 70 साल का बुजुर्ग है, जिसने आजादी की लडाई मे हिस्सा लिया, उसके लिये हम पूरा इन्तजाम भी कर दें तो क्या बात है ? इसी लिये हमने राजे महाराजाओ से अपना गला छुडाया। वह लोग जो सम्पत्ति दे रहे है वह इन लोगो को दी जाये जिन्होने गुलामी की जजीरो को तोडा है। अगर सरकार अपनी तरफ से नही देती तो कम से कम वह तो दे दे जो उसने राजे-महाराजाओ से लिया है। अगर वह तकसीम कर दिया जाये तो वह रोटी खाने वाले बन जायेंगे। हमारी यह जिम्मेदारी है, सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने जिम्मे इस काम को ले और उनके खाने पहनने का इन्तजाम करे। यहां हमारे दोस्तो ने जिक्र किया, मै उसका जिक्र नही करना चाहता, लेकिन कौन नही जानता कि सरदार भगत सिह और दूसरे नेता हुए है जिन्होने अपनी जाने दे दी। उनके परिवार आपसे कुछ नही माँगते, लेकिन उनके परिवारो को जरूर मदद की जरूरत है जिन्होने लडाई लड कर हिन्दुस्तान को आजाद करवाया। जलियावाले बाग से आज भी उनके निशान बाकी है। वह निशान जाहिर करते है कि किसी नौजवान के सीने से गुजर कर गोली यहां आकर टिकी है। क्या उनके परिवारो की परवरिश करना हमारा फर्ज नही है। अगर्चे किसी प्रदेश सरकार ने या दूसरी सरकारो ने इसमे हिस्सा नही लिया, मगर हमारी सरकार ने इस काम को करने की स्वाहिश जाहिर की है। जितनी जल्दी वह यह काम कर दे उतनी जल्दी लोगो मे रोशनी आयेगी।

जहां जहां मैंने उस इश्तहार को दिखलाया है उन लोगो ने कहा कि यह बहुत नोवल काम सरकार कर रही है। इसका लोगो मे बडा ऐप्रिसिएशन है और यह जितनी जल्दी हो अच्छा है। मैं श्री पंत के जजबात को जानता हूँ, मैं उनका एहतराम करता हूँ। जो हमारे बडे पंत जी थे वह जिस हालत से गुजरे हैं उसको भी वह जानते है। दूसरे जिन दोस्तो ने आजादी की लडाई मे हिस्सा लिया है, कौन नही जानता कि एजुकेशन सिस्टम मे भी उनका नाम आना चाहिए। आज के नौजवान ढूंढ रहे हैं कि हमारे बुजुर्गों ने क्या काम किया है। वह भूले पडे हैं, वह नही जानते है कि किस नौजवान ने अपनी जान देकर हिन्दुस्तान की आजादी ली है। कही इस चीज का उपयोग करो ताकि हमारी पुरानी हिस्ट्री जो है वह सबको मालूम हो सके। हमारी आने वाली नस्ल को पता लग सके कि हमारी आजादी कैसे आई और किन किन लोगो मे उसमे भाग लिया। यह सारी चीज हमारे एजुकेशन सिस्टम मे आनी चाहिये। जो काम उन्होने किया है वह जिन्दा जावेद है। वह कायम रहे और हमारी हिस्ट्री का हिस्सा बन जाये।

ऐसे बहुत से इस्टान्सेज दिये जा सकते हैं जिन लोगो को 20-25 रु० दिये गये है। उससे कुछ होने वाला नही है। उनसे आप मजाक मत कीजिये। यह बडा भारी मजाक है कि हम तो 500-700 रु० लें लेकिन उन लोगो की फैमिलीज की एजुकेशन के लिये भी कुछ नही है। अगर हम उनको 50-100 या 200 रु० भी दे दें तो वह ज्यादा नही है। पेंशन के अलावा उनको एजुकेशन की और दूसरी सहूलियतें देने का भी प्रबन्ध होना चाहिए ताकि वह कह सकें और आने वाली नस्लो को भी याद रहे कि जो हमारे फ्रीडम फाइटर्स रहे हैं उनके लिये सरकार ने कुछ किया है।

इन अल्फाज के साथ मैं पन्त जी से निवेदन करता हूँ कि इसको जितनी जल्दी वह ला सकें लायें और देश भर मे इसकी तारीफ होगी। आज बहुत सी पोलिटिकल सफरर्स की फैमिलीज अन्धेरे मे पड़ी हुई हैं, जिनके पास मकान नहीं

हैं, खाने के लिये नहीं है, कोई दूसरी चीज नहीं है। उनका प्रबन्ध होगा तो उससे हमारी कौम उभरेगी और उसकी सताइश होगी, तारीफ होगी।

SHRI DHAMANKAR (Bhiwandi) : It is my fortune to be here in this hon. House and get an apportunity to support the Bill introduced here by the great patriot, Prof. S. L. Saksena.

We cannot deny that some States are doing something to give some relief and assistance to freedome fighters, but they are doing in different ways. It will be very appropriate if the Central Government introduces a comprehensive Bill and gives uniform assistance and relief to freedom fighters who are scattered all over the country.

Maharashtra is doing its best. But there is one category which is not taken into consideration—the undertrials and the absconders. Those who are convicted get certificates with great efforts from the Jail Department and they are given *Sanman Patras*. They get facility for the education of their children, but those who sufier are this category, namely, undertrials and absconders. They have to run for their lives to different parts of the country and they cannot be included ! I have approached the Maharashtra Government. In some cases I have found that they could not be included as they were absconders or undertrials. I feel, they have a right and they should be considered so.

I know, Pantji is very keen to do something for the freedom fighters. I have pointed out to him. In one case, one Mr. Patwardhan absconded from Maharashtra and settled in Indore. He was involved in martyr Kotwal's case. He was in a bad plight and in a shottered health. Pantji was kind enough to give him some medical relief, but still he is without any monetary assistance from the State Government—some sort of land or something. I feel that if a comprehensive Bill is introduced here, we would be doing justice to those who have suffered in the cause of this great country.

With these words, I support the Bill.

श्री वसन्तराव पुरुषोत्तम साठे (अकोला) : आपने मुझे पहला अवसर खासकर इस महत्व-पूर्ण विषय पर बोलने का दिया है। मैं इसको अपना सौभाग्य मानता हूँ कि जिन लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में कुर्बानियाँ दीं उनके बारे में जो यह बिल आया है उसी के सम्बन्ध में मुझे आपने बोलने का अवसर दिया है।

मुझे कुछ ज्यादा इस बिषय में नहीं कहना है, केवल दो सुझाव ही देने हैं। देश को स्वतंत्र हुए पच्चीस वर्ष होने को आ रहे हैं। इस बीच स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के बारे में कुछ ठोस काम किया गया हो, ऐसा देखने को नहीं मिलता है। उनके पत्र हम लोगों को भी मिलते रहते हैं। कुछ लोग हैं जो दो महीने के लिए जेल गये और नहीं भी गये लेकिन उन्होंने चीफ मिनिस्टर के दस्तखत लेकर और उसको फ्रेम करवा कर रख लिया है। अब जो कुछ लोग बाकी बचे हैं और सचमुच में जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया है और बरबाद हो गये हैं, ऐसे लोगों के लिए मेरी प्रार्थना यह है कि उनका सम्मान होना चाहिये। 1857 से लेकर आजादी मिलने तक जो शहीद हुए हैं उनके परिवार के लोगों को हम ताम्रपत्र या कोई दूसरी धातु भी हो सकती है, उस पर लिखकर उनको वह भेंट सकते हैं ताकि आज से सौ साल के बाद वे अपने कुटुम्ब के बच्चों को बता सकें अभिमान से कि ये हैं हमारे पुरखे जिन्होंने आजादी की लड़ाई में भाग लिया था। इस तरह की कोई टिकने वाली चीज उनको दी जानी चाहिए।

जो लोग बचे हैं उनको सौ रुपया हर महीने आप कम से कम पेंशन के रूप में दें। आखिर उनकी आयु भी आज काफी हो गई है · · ·

श्रीमती सहोदरा बाई राय (सागर) : सौ रुपए में क्या होता है ?

श्री वसन्तराव पुरुषोत्तम साठे : ज्यादा कर दें। लेकिन सौ रुपया तो होना ही चाहिए। मैं सौ रुपया महीना कह रहा हूँ। उनके कुटुम्ब के जो लोग है उनको कम से कम इतना तो मिल ही जाना चाहिए, ज्यादा हो तो कोई हरज नही है। लेकिन इतना तो जरूर होना ही चाहिए। यही मेरा सुझाव है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI K. C. PANT) : Mr. Chairman, Sir, I am very grateful to the various hon. Members who have participated in this Debate.

